वन उत्पादकता संस्थान, रांची

जवाहर नवोदय विद्यालय, खूंटी में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 25.07.2019

आज दिनांक 25.07.2019 को 'प्रकृति' परियोजना के तहत् जवाहर नवोदय विद्यालय, खूंटी में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभागार में प्राचार्य डॉ0 अखिलेष प्रसाद, शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं लगभग 100 विद्यार्थियों को वानिकी संवर्द्धन एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक परिचिर्चा में प्राचार्य के स्वागत एवं विषय प्रवेशोपरान्त श्री बी0डी0पंडित, तकनीकी अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसकी आवश्यकता एवं पर्यावरण के विभिन्न घटकों की व्याख्या की साथ ही विश्व एवं भारत द्वारा वानिकी संवर्द्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्रमवार उठाये गए कदमों की भी चर्चा की। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून के विभिन्न संस्थानों के योगदान का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों से प्रति छात्र प्रति वर्ष एक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई एवं जीविकोपार्जन से इसे जोड़ा। मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री एस0 एन0 वैद्य ने प्रदूषण के विभिन्न कारकों एवं निराकरण के उपायों को छात्रों के बीच विस्तार से रखा एवं पर्यावरण के प्रति मानव के दायित्व से उन्हें अवगत कराया।

प्राचार्य के धन्यवाद के बाद छात्रों द्वारा अमरूद एवं ऑवला के 10 पौधों का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की सफलता में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं संस्थान से श्री एस0 एन0 वैद्य, श्री बी0डी0पंडित एवं श्री सूरज कुमार की अहम् भूमिका रही।

Jawahar Navodaya Vidyalaya

Jawahar Navodaya Vidyalaya

Jawahar Navodaya Vidyalaya